






# सोहागी घाटी में बस हादसा

## अनियंत्रित बस पलटी, रिपेयरिंग के लिए जा रही थी बस....

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। सोहागी पहाड़ में आज एक बार फिर बस हादसा हुआ है। बताया जा रहा है कि यहां बस रिपेयरिंग के लिए चाकघाट जा रही थी। तभी सुहागी पहाड़ में अनियंत्रित होकर पलट गई है। हादसे के बाद बस में ड्राइवर और खलासी सहित चार से पांच लोग सवार थे। जिनमें सभी लोगों को मामूली चोटें भी आई हैं। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि बस में एक भी यात्री सवार नहीं थे। ऐसे में बस के पलटने के बाद भी एक बड़ा हादसा टल गया है।**


फिलहाल घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे सुहागी थाना प्रभारी कमलेश साहू दलबल के साथ राहत बचाव कार्य करते हुए बस में सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और जेसीबी की मदद से बस को सड़क से किनारे कर आवागमन को बहाल कराया है। घटना के संबंध में सुहागी थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्ला ट्रेवल्स की बस शनिवार को रीवा से चाकघाट के लिए रवाना हुई थी जो कटरा के समीप खराब हो गई। बताया गया कि बस को आज रविवार को चालक और खलासी सहित अन्य लोग मिलकर कटरा से रिपेयरिंग के लिए चाकघाट लेकर जा रहे थे। तभी सुहागी पहाड़ में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि राहत की बात यह है कि हादसे के वक्त बस में एक भी यात्री सवार नहीं थे। जिससे एक बड़ा हादसा टल गया है। वहीं बस में चालक और खलासी के अलावा चार से पांच लोग सवार थे। जिनमें दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। फिलहाल घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत बचाव कार्य करते हुए बस में सवार लोगों को सुरक्षित बचाया है और हादसे से बाधित आवागमन को बहाल कराया है।

# बाजार फलों से गुलजार फलों के राजा आम की बढ़ी बिक्री

## बंगाल की लीची, महाराष्ट्र,कर्नाटक यूपी का आम बाजार में

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। भीषण गर्मी में फलों की बढ़ती मांग को देखते हुए रीवा का बाजार अब फलों से गुलजार हो गया है। रीवा की करहिया स्थित सब्जी मंडी में सभी प्रकार के फलों की आवक अब तेज हो गई है। यहां बंगाल की लीची और महाराष्ट्र, कर्नाटक और यूपी का आम तेजी से पहुंच रहा है। हालांकि गर्मी में सबसे ज्यादा तरबूज और खरबूजे की मांग है। लेकिन ज्यादा बिक्री आम और नीचे की हो रही है।**



दरअसल आज रीवा की गरैया मंडी में सभी प्रकार के फलों की आवक हुई है। मंडी में आज सबसे ज्यादा लीची नजर आई जिसकी खेप पश्चिम बंगाल से चलकर रीवा पहुंची है। व्यापारी लखपति की मानें तो पहले रीवा की मंडी में सभी प्रकार के फलों का मिलना मुश्किल होता था। लेकिन अब यहां सभी प्रकार के फलों की आवक होने से सभी प्रकार के फल आसानी से यहां मिल जा रहे हैं। व्यापारी की माने तो इन दिनों सबसे अधिक मांग लीची और आम की है। रीवा की मंडी में कई वैरायटियों का आम उपलब्ध है। जबकि फलों के राजा दशहरी आम की आवक भी एकद दिन के भीतर होने वाली है। व्यापारियों ने बताया कि बंगाल से लीची चालू हो गई नारियल पानी कई दिनों से आ ही रहा है और फलों में राजा आम दशहरी वो भी दो चार दिन में बड़ी बड़ी भारी मात्रा में रीवा आने वाला है।

# मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से गरीब और किसानों की ताकत बढ़ी : जनार्दन

नवभारत न्यूज



**मऊगंज 24 मई? भारतीय जनता पार्टी मऊगंज जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित करते हुए रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे तब अपने पहले भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरी सरकार गांव-गरीब और किसानों के लिए समर्पित रहेगी।**

मेरी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वासके लिए काम किया है। आज हम देखते हैं कि सरकार की सारी योजनाएं गांव-गरीब और किसानों को समर्पित है। सरकार की योजनाएं पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के भाव को धरातल पर शब्दश: साकार कर रही है। मऊगंज में रविवार को भाजपा के दो देसी प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम अरुण द्विवेदी अमरपाटन मऊगंज जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मिश्रा वरिष्ठ नेता अखंड प्रताप सिंहकी उपस्थिति में संपन्नहुआ दूसरे दिन सुबह योग और संघ की शाखा में उपस्थित रहे प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डिजिटल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई

# कृषि रथ यात्रा' के माध्यम से किसानों को मिली आधुनिक खेती की जानकारी

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों एवं शासकीय योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से संचालित 'कृषि रथ यात्रा' का भ्रमण जिले के विकासखंड गंगेव की विभिन्न ग्राम पंचायतों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़, लॉरी एवं बाबूपुर में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि तकनीकी एवं विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया।**



कृषि रथ यात्रा के दौरान मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीजों का उपयोग, जैविक खेती, तथा ई-विकास प्रणाली के अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था की जानकारी प्रदान की गई साथ ही, पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नरवाई प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. शेषमणि कुर्मवंशी ने किसानों को चर्चा करते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए संतुलित उर्वरक उपयोग और नियमित मृदा परीक्षण अनिवार्य है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान न केवल लागत कम कर सकते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को रसायन मुक्त उत्पाद भी उपलब्ध करा सकते हैं। भ्रमण के दौरान विभाग द्वारा सफल कृषकों से संपर्क किया गया। ग्राम गढ़ के कृषक चक्रधर सिंह ने अपनी सफलता की बात साझा करते हुए बताया कि उन्होंने ताइवान गेहूं की विशेष किस्म का उपयोग किया। मात्र 5 किलोग्राम बीज की बुवाई से 12.5 क्विंटल की रिकॉर्ड उपज प्राप्त की। कृषक द्वारा अब इस उन्नत बीज का विस्तार अन्य क्षेत्रों में भी किया जा रहा है, जो क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा का विषय बना हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान कृषि अधिकारियों ने उपस्थित किसानों की समस्याओं को गंभीरता सुनते हुए उनका समाधान किया और तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। कृषि रथ में स्थापित ऑडियो-विजुअल सिस्टम के माध्यम से शासन की विभिन्न हितैषी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में प्रसारित की गई। इस अवसर पर शिव शरण सरल, आदर्श पाण्डेय, युगल किशोर प्रधान सहित ग्राम पंचायत गढ़ एवं बाबूपुर के प्रगतिशील किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# समन्वय बनाकर पेयजल समस्या का निराकरण करें : अनुराग

नवभारत न्यूज

**मऊगंज 24 मई। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल समस्या के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रशासनिक समन्वय बनाकर समस्याग्रस्त क्षेत्रों में इसका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए कम्यूनिकेशन बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक दिन पेयजल से संबंधित समस्या का रिव्यू करें।**



मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ रही है और आने वाले एक माह तक ऐसी गर्मी की संभावना है। अतरू पेयजल से संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए तत्परता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करायें तथा पेयजल से जुड़े अधिकारियोंए कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है उसके संबंध में जनप्रतिनिधियों को सूचना दें तथा इसका दुरूपयोग कदापि न हो।

उन्होंने कहा कि जहां पानी की कमी हो वहां निजी जल स्त्रोत से पानी का उपयोग करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत व पीएचई विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है कि वह पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। बसाहटवार मैपिंग करते हुए बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार तथा राइजर पाइप बढ़ाने के कार्य को तत्परता से करने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये। पंचायतों के पास उपलब्ध धन राशि का उपयोग पेयजल कार्य में किये जाने की बात इस दौरान कही गई। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि नल जल योजनाओं के बिजली के कनेक्शन न कटे और सिंगल फेज टर्ब्यूबबेल की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे। उन्होंने पेयजल के संबंध में संभागीय कमिश्नर को भी नियमित तौर पर रिव्यू करने के निर्देश दिये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर संजय कुमार जैनए अपर कलेक्टर पीके पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### उप मुख्यमंत्री आज आयेंगे रीवा

**रीवा.** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल नई दिल्ली से प्रयागराज एक्सप्रेस द्वारा 24 मई को प्रात: 7 बजे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचेगे। तदुपरांत कार द्वारा रवाना होकर सुबह 9 बजे रीवा आयेंगे। श्री शुक्ल सुबह 10 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व के ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले आयोजन में सम्मिलित होंगे तथा दोपहर 3 बजे सतना रवाना होंगे। सतना के कार्यक्रम में शामिल होने उपरांत श्री शुक्ल अपरान्ह 5 .30 बजे रीवा शहरी क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व आयोजन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 7 .50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा भोपाल रवाना हो जायेंगे।

### मतदाता सूची में दावे-आपत्तियाँ 25 तक प्राप्त की जाएंगी

**रीवा.** जिले भर में नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के निर्वाचन के लिए फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 25 मई तक प्राप्त की जाएंगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा है कि दावे-आपत्तियों के लिए सिर्फ आज का ही दिन ही शेष हैं। अत: अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और पूरी पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य करें। उन्होंने बताया कि दावे-आपत्तियों के निराकरण के बाद 18 जून को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जायेगा।

### जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक आज

**रीवा.** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नजूल समिति की बैठक 25 मई को टीएल बैठक के उपरांत आयोजित की गयी है। बैठक में नजूल निर्वर्तन निर्देशों के तहत प्राप्त भू-आवंटन प्रकरणों में कार्यवाही एवं निर्वर्तन किया जायेगा।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**रीवा.** जिला चिकित्सालय रीवा के रोगी कल्याण समिति के कार्यकारिणी समिति की बैठक 25 मई को टीएल के उपरांत कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

### कलेक्टर आज करेंगे टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा.** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी 25 मई को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगे। बैठक में मुख्य सचिव की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की भी विभागवार समीक्षा की जाएगी। बैठक में गेंहू उपार्जन, पेयजल व्यवस्था, संचारी रोगों से बचाव तथा ई आफिस व्यवस्था की भी समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### मजदूरों को लू से बचाव के करें उपाय

**रीवा.** जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा है कि अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह से ही तापमान लगातार 40 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। ऐसी परिस्थिति में भी अधोसंरचना विकास तथा औद्योगिक क्षेत्र में निर्माण कार्य जारी हैं। इनमें कार्यरत मजदूरों की धूप एवं लू से सुरक्षा के लिए उचित उपाय करें। जिला श्रम पदाधिकारी ने कहा कि श्रम विभाग तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू एवं गर्मी से बचाव की सलाह जारी की गई है। सभी कारखाना संचालक तथा संस्थानों के प्रमुख कार्यस्थल में मजदूरों को धूप और लू से बचाव की समुचित व्यवस्था करें। कार्यस्थल में पर्याप्त शीतल जल की व्यवस्था करें। छाया के लिए पर्याप्त शेड तथा प्राथमिक उपचार की सुविधा के लिए फर्स्ट एड बाक्स भी कार्यस्थल में संधारित कराएं। किसी भी मजदूर के ऊपर लू अथवा सन बर्न का प्रकोप होने पर उसे तत्काल खुले और हवादार स्थान में लिटाएं। तत्काल डॉक्टर से संपर्क कर रोगी की समुचित जाँच कराएं। कार्यस्थल में उपस्थित श्रमिकों को भी धूप और लू से बचाव के संबंध में लगातार जानकारी दें।

### वन अधिकार समिति की बैठक आज

**मऊगंज.** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में वनाधिकार समिति की बैठक 25 मई को दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में वन मित्र पोर्टलध्एमपीएफआरए पर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा निराकृत किए गए दावों का निराकरण किया जाएगा। जिला संयोजक अनुसूचित जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग ने समिति के सदस्यों से बैठक में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

# पुलिस ने निकाला चेन स्नेचर्स का जुलूस

## दीनदहाड़े ऑटो सवार महिला से की थी चेनस्नेचिंग, 2 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र से दोपहर दिन दहाड़े एक महिला के साथ चैन स्नेचिंग की घटना उस समय हुई जब बछेरा निवासी महिला रीवा शहर से ऑटो में सवार होकर अपने गांव की ओर जा रही थी। तभी एमबीए कॉलेज के समीप बदमाशों ने झपट्टा मारकर गले से सोने की चैन तोड़कर फरार हो गए थे।**



घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की पहचान करने के बाद 24 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनका आज पुलिस ने जुलूस निकाला और न्यायालय में पेश किया है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा ने बताया कि बीती दोपहर ऑटो में सवार होकर जा रही महिला के साथ चिराग उदासी निवासी तोपखाना और अंशु भारती निवासी धोबिया टंकी ने चैन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों की पहचान होने के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उनसे घटना में इस्तेमाल की गई बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया और लूटी गई चैन भी बरामद की गई है।

# नरवाई न जलाने व जैविक खाद बनाने की दी सलाह

## कृषि विभाग की पहल

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है।**

इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है।

नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

उप संचालक ने बताया कि गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बुआई के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है। इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा। साथ ही नरवाई से खाद भी बन जाएगी।

# गंगा दशहरा में श्रमदान से दिया जाएगा जल संरक्षण का संदेश

## सांसद जनार्दन मिश्र होंगे मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**मऊगंज 24 मई। मऊगंज जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। जिले में गंगा दशहरा 25 मई को मनाया जाएगा।**

इस दिन नगरीय निकाय और विकासखण्ड स्तर पर जल संरक्षण और संवर्धन से जुड़े बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मऊगंज जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद श्री जनार्दन मिश्र होंगे। गंगा दशहरा पर नदियों के उद्गम स्थलए तालाबोंए परंपरागत जल स्त्रोतों की साफ.सफाई और जल संवर्धन के कार्य किए जाएंगे। इसके साथ.साथ हैण्डपंपों तथा नलजल योजना के जलस्त्रोतों में रिचार्ज पिट बनाने एवं कुंओं के भी साफ.सफाई के कार्य होंगे।

गंगा दशहरा प्राचीन काल से जल संरक्षण और संवर्धन दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में आमजनता की अधिक से अधिक भागीदारी कराकर जल संरक्षण के कार्य करेंगे। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारीए परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जन अभियान परिषद के समन्वयक मिलकर गंगा दशहरा पर जल संरक्षण के कार्यों में श्रमदान तथा जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# परिवहन विभाग का सख्त अभियान, बसों पर सुरक्षा जांच तेज

## कई बसों पर चालानी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। यात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रीवा परिवहन विभाग पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। विभाग द्वारा लगातार ऑल इंडिया बसों पर सघन सुरक्षा जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें बसों के तकनीकी और सुरक्षा मानकों की सख्ती से जांच की जा रही है।**



विभाग ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बसें यात्रियों को सुगम, सरल और सबसे महत्वपूर्ण रूप से सुरक्षित यात्रा उपलब्ध करा सकें। बसों में ब्रेक सिस्टम, टायर की स्थिति, फायर एक्सटिंग्विशर, इमरजेंसी एग्जिट, सीट बेल्ट, लाइटिंग व्यवस्था और अन्य जरूरी सुरक्षा उपकरणों की विस्तृत जांच की जा रही है। सुरक्षा मानकों की जांच में कई बसें मानकों पर खरी नहीं उतरीं। दोषपूर्ण बसों पर चालानी कार्रवाई की गई ।परिवहन विभाग की टीमें निरंतर सडक पर और बस स्टैंडों पर चेकिंग कर रही हैं ।अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभाग पूरी तरह सक्रिय है ।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्री सुरक्षा उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बस ऑपरेटरों और चालकों से अपील की है कि वे बसों को नियमित रूप से मेंटेन करें और सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी ।यह अभियान रीवा सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित हो रहा है और आने वाले दिनों में इसे और तेज करने की योजना है ।यात्रियों की सुरक्षा परिवहन विभाग की पहली प्राथमिकता है ।विभाग का यह सख्त रवैया यात्रीयों के हितो को देखते हुए किया जा रहा है ।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने पेयजल उपलब्धता की समीक्षा की

## कलेक्टर प्रत्येक दिन पेयजल समस्या का रिव्यू करें : अनुराग

नवभारत न्यूज

**रीवा 24 मई। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल समस्या के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि प्रशासनिक समन्वय बनाकर समस्याग्रस्त क्षेत्रों में इसका निराकरण करें। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए कम्यूनिकेशन बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिलों के कलेक्टर्स को निर्देशित किया कि वह प्रत्येक दिन पेयजल से संबंधित समस्या का रिव्यू करें।**



मुख्य सचिव ने कहा कि इस वर्ष गर्मी ज्यादा पड़ रही है और आने वाले एक माह तक ऐसी गर्मी की संभावना है। अत: पेयजल से संबंधित समस्या का निराकरण करने के लिए तत्परता बरतना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को समय सीमा में निराकरण करायें तथा पेयजल से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित करें। मुख्य सचिव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जहां टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है उसके संबंध में जनप्रतिनिधियों को सूचना दें तथा इसका दुरूपयोग कदापि न हो। उन्होंने कहा कि जहां पानी की कमी हो वहां निजी जल स्त्रोत से पानी का उपयोग करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत व पीएचई विभाग की संयुक्त जिम्मेदारी है कि वह पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करायें। बसाहटवार मैपिंग करते हुए बिगड़े हैण्डपंपों के सुधार तथा राइजर पाइप बढ़ाने के कार्य को तत्परता से करने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग में दिये गये। पंचायतों के पास उपलब्ध धन राशि का उपयोग पेयजल कार्य में किये जाने की बात इस दौरान कही गई। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि नल जल योजनाओं के बिजली के कनेक्शन न कटे और सिंगल फेज टर्ब्यूबबेल की व्यवस्था सुचारू रूप से रहे। उन्होंने पेयजल के संबंध में संभागीय कमिश्नर को भी नियमित तौर पर रिव्यू करने के निर्देश दिये। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी में रीवा कमिश्नर बीएस जामोद, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, उपायुक्त एमएल अहिरवार, अधीक्षण यंत्री महेन्द्र सिंह, संयुक्त संचालक एचएस मिश्रा, कलेक्ट्रेट के एनआईसी में आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन, सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी उपस्थित रहे।